
जयंती टॉकीज स्थित गैस एजेंसी में लगी लंबी क़तार


परेशान होते बुजुर्ग

समस्या | कई-कई दिनों तक उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहे सिलेंडर

# सुबह से लग रही लंबी कतार, रसोई गैस की किल्लत बरकरार

**जबलपुर, नवभारत।** अमेरिका और मिडिल इस्ट के देशों में बीते 31 दिनों से जारी युद्ध के चलते जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों का संकट बरकरार है। पहले तो बुकिंग नहीं होने की वजह से उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अगर उपभोक्ताओं की बुकिंग हो जाती है तो इसके बाद भी कई-कई दिनों तक उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। शनिवार को भी शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की गैस एजेंसी से लेकर गोदाम तक पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ रही। कई घंटे तक लाइन में लगने के बाद भी गैस नहीं मिलने की वजह से उपभोक्ताओं में काफी ज्यादा आक्रोश देखा जा रहा है। वही कई तरह की परेशानी झेल रहे छोटे व्यापारियों ने नवभारत को बताया गया है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर को लेकर भी हालात गंभीर बने हुए हैं। कमर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने के कारण जहां पहले से ही छोटी होटल-रेस्टॉरेंट या स्ट्रीट फूड व्यापारी कई तरह की परेशानियां झेल रहे हैं। वहीं हाई फ्लेम पर बनने वाली खाद्य सामग्रियों की बिक्री में भी तेज गिरावट देखी जा रही है।

### चल रहा है अलग खेल

बीते एक माह से जारी रसोई गैस की किल्लत के बीच अब व्यापारियों ने बताया कि भट्टी का उपयोग करने वालों को जलाऊ सामग्री के साथ तेल, मसाले और दूसरी चीजें महंगी खरीदनी पड़ रही हैं। वहीं दूसरी ओर गैस की किल्लत अब आम उपभोक्ताओं की भी कठिन परीक्षा लेने लगी है। खेल ये है कि अधिक कीमत पर गैस आसानी से उपलब्ध हो रही है। उपभोक्ताओ ने बताया कि गैस एजेंसी में वह लंबी लाइनों में घंटों लगते है, फिर भी गैस नहीं मिलती है। पूछने पर एजेंसी द्वारा बताया जाता है कि गैस खत्म हो गई है। बाद में हॉकर से बात करने पर वही सिलेंडर 14 रुपए में उपलब्ध हो रहे है।

### उपभोक्ता हो रहे परेशान

शनिवार को उपभोक्ताओं ने नवभारत को बताया कि डीएसी यानी डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड नंबर मिलने के बाद भी गैस सिलिंडर न मिलना एक गंभीर समस्या बन गई है। जयंती टॉकीज स्थित एक एजेंसी के बाहर अपना खाली सिलिंडर लिए शनिवार की सुबह खड़े एक उपभोक्ता ने बताया कि वह अपना नंबर आने के बाद भरा एलपीजी लेने एजेंसी आया तो उसे कहा गया कि सोमवार को आना। इस तरह एक उपभोक्ता को मालवीय चौक स्थित एक एजेंसी के कर्मचारी ने लौटाने का प्रयास किया। लेकिन लंबी लड़ाई के बाद आखिरकार वे सिलेडर लेकर ही आए।

# गैस संकट के बीच तंदूर-भट्टी की मांग बढ़ी

**होटल-ढाबा संचालक वैकल्पिक व्यवस्था में जुटे**

**जबलपुर, नवभारत।** शहर में रसोई गैस की किल्लत का असर अब छोटे-बड़े होटल, ढाबा और चाय-नाश्ते की दुकानों पर साफ नजर आने लगा है। गैस सिलेंडर समय पर न मिलने से कारोबार प्रभावित हो रहा है, जिसके चलते संचालकों को वैकल्पिक व्यवस्था अपनानी पड़ रही है। इसी वजह से इन दिनों तंदूर और भट्टी की मांग अचानक तेजी से बढ़ गई है। शहर के अलग-अलग इलाकों में तंदूर और भट्टी बनाने वालों के यहां इनकी बिक्री में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। होटल और ढाबा संचालक मजबूरी में गैस की जगह लकड़ी और कोयले से चलने वाले तंदूर-भट्टी खरीद रहे हैं, ताकि उनका रोजगार का काम बंद न हो।

### एकदम से मिले ऑर्डर

तंदूर बनाने वाले कारीगरों का कहना है कि पहले जहां कभी-कभार ऑर्डर मिलते थे, वहीं अब रोजाना कई लोग तंदूर बनवाने पहुंच रहे हैं। वर्तमान में एक तंदूर या भट्टी की कीमत करीब 15 से 2 हजार रुपये तक में मिल रहा है और यह मांग लगातार बढ़ती जा रही है। होटल और ढाबा संचालकों का कहना है कि गैस की कमी के कारण उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। यदि जल्द ही गैस आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो छोटे व्यवसायों को और ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ सकती है। फिलहाल, गैस संकट के चलते शहर में पारंपरिक तंदूर-भट्टी फिर से लोगों का सहारा बनते नजर आ रहे हैं।





तंदूर भट्टी की सज गई दुकानें

# ऋषभ हत्याकांड : तीन गए जेल, तीन फरार

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत मदनमहल चौक में त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के चलते ऋषभ राजपूत (16) निवासी सिद्धबाबा, लाल माटी घमापुर की हत्या करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिफ्तार कर रविवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। जबकि तीन आरोपित अब भी फरार है जिनकी तलाश जारी है।

विदित हो कि ऋषभ राजपूत (16) निवासी सिद्धबाबा, का मोटर सायकिल से अपने दोस्तों के साथ मदनमहल क्षेत्र स्थित शुभम अस्पताल के पास गया था। शुक्रवार एवं शनिवार की दरम्यिानी रात्रि डेढ़ बजे पहले से घात लगाए यशराज पटेल ने अपने पांच दोस्तों के साथ मिलकर ऋषभ पर चाकुओं से हमला कर दिया था। हमलावरों ने उसके सीने और पेट पर कई वार किए थे। बीच बचाव करने के दौरान उसके दोस्त रितिक पर भी चाकुओं से हमला किया। हमले में ऋषभ की मौत हो गई थी और हमलावर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की तो यह बात सामने आई कि वारदात प्रेम प्रसंग के चलते हुई थी। यश राज पटेल की एक युवती से दोस्ती थी। लेकिन बाद में युवती ने उससे दूरी बना ली थी और ऋषभ से नजदीकियां बढ़ा ली थी। इसी के चलते यश राज ने अपने साथियों के साथ मिलकर ऋषभ को रास्ते से हटाने की साजिश रची थी। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर यशराज पटेल और उसके साथी अमन कटारिया, अंशु धुर्वे उर्फ अंशराज को गिरफ्तार किया। जबकि निखिल पटेल, युवराज उर्फ युवी, रोहन ठाकुर फरार है जिनकी सरगर्मी से तलाश जारी है।



# खेत में मिली महिला का शव, हत्या की आशंका

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत मोहतरा में रविवार को एक खेत में महिला की सड़ी-गली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई और अहम साक्ष्य जुटाते हुए छानबीन कर शुरू दी। मृतिका कौन है और कहां की रहने वाली है इसका पता नहीं चल सका है डिकम्पोज शव के चलते पहचान नहीं हो सकी। मृतिका की हत्या किए जाने की भी आशंका जाहिर की गई। पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम कोटवार मोतीलाल दाहिया 64 वर्ष निवासी मोहतरा ने सूचना दी कि गॉव के प्रेमलाल शुक्ला ने लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट की जमीन को सिकमी लेकर गेंहू बोये है शाम लगभग 5 बजे उन्होंने बताये कि उसके खेत में गेहू की कटाई हार्वेस्टर से चल रही थी तभी खेत में किनारे तरफएक अज्ञात महिला का शव सड़ी गली हालत में पड़ा है तो उसने जाकर देखा एक अज्ञात महिला उम्र लगभग 25 वर्ष का शव पडा था। शव डिकम्पोज हो चुका है, अज्ञात मृतिका की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है। पुलिस गुमशुदगी रिकॉर्ड भी खंगाल रही है ताकि मृतिका की पहचान हो सके। पुलिस का कहना है कि मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# हत्या के इरादे से बमबाजी, बाल-बाल बचे दो भाई

**ग्रीन सिटी में वारदात एफआईआर दर्ज**

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत ग्रीन सिटी के पास पुरानी रंजिश को लेकर तीन शातिर बदमाशों ने दो सगे भाइयों पर जान से मारने की नियत से सुअरमार बम से हमला कर दिया। गनीमत रही कि समय रहते दोनों भाई झुक गए, जिससे बम बगल से गुजरकर फटा और उनकी जान बच गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सचिन उपाध्याय (22) निवासी पानी की टंकी के पास मदर टेरेसा नगर अपने बड़े भाई आलोक उपाध्याय के साथ मोटरसाइकिल से ग्रीन सिटी होते हुए घर लौट रहा थे। जैसे ही वे तालाब के किनारे पहुँचे, वहां पहले से घात लगाकर खड़े सूर्या मलिक, देबू और गौरव पटेल ने उन्हें रोक लिया। दोनों भाइयों को रोकने के बाद तीनों बदमाश पुरानी रंजिश पर विवाद करने लगे।

### धमाके के साथ धुआं उठा लगी आग

सूर्या मलिक ने चिल्लाते हुए कहा, इन्हें बम से उड़ा देते हैं और जान से मारने की नियत से सचिन की तरफ सुअरमार बम फेंक दिया। बम अपनी ओर आता देख सचिन और उसका भाई तुरंत नीचे की ओर झुक गए। बम उनके पास से निकलकर थोड़ी दूर जाकर गिरा और जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाके के साथ ही वहां धुआं और आग की लपटें उठीं। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी मोटरसाइकिल से फरार हो गए। पुलिस ने सचिन उपाध्याय की शिकायत पर आरोपी सूर्या मलिक, देबू और गौरव पटेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# अवैध पार्किंग पर खड़ी बसों पर लगाया 47 हजार का जुर्माना

**दीनदयाल चौराहे से चुंगी नाका चौक तक यातायात बाधित करने वालों पर परिवहन विभाग की कार्रवाई**

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर में दीनदयाल चौराहे से चुंगी नाका चौक के बीच अवैध रूप से बस खड़ी कर यातायात बाधित करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के निर्देश पर की गई। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा के नेतृत्व में टीम ने जांच अभियान चलाया। इस दौरान बस क्रमांक एमपी 4 सीटी 661, एमपी 15 जेडएल 5444, एमपी 19 पी 31 और एमपी 2 पीए 51 को नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। सभी वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 47, रुपये का जुर्माना वसूला गया। आरटीओ रिंकू शर्मा ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर अवैध पार्किंग और यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि दीनदयाल चौराहे से चुंगी नाका चौक तक सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



# शहर आपका है, जिम्मेदारी भी हमारी और आपकी : निगमायुक्त

**आधी रात सड़क पर उतरे निगमायुक्त, देखी सफाई व्यवस्था, दुकानदारों से की स्वच्छता की अपील**

**जबलपुर।** यह शहर आपका है। इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी जितनी प्रशासन की है, उतनी ही आपकी भी है। यह बातें निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शहर के व्यस्ततम क्षेत्र सिविक सेंटर का औचक निरीक्षण करते हुए दुकानदारों से चर्चा करते हुए कहीं। साथ ही स्वच्छता की अपील की। दरअसल स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत शहर को नंबर वन बनाने की दिशा में नगर निगम अब एकदम एक्शन मोड में नजर आ रहा है। इसी कड़ी में आधीरात निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शहर के व्यस्ततम क्षेत्र सिविक सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाइट और रोड स्वीपिंग (रात्रि कालीन सफाई) कार्यों का जायजा लिया और जमीन पर उतरकर व्यवस्थाओं को परखा। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने केवल अधिकारियों को निर्देश ही नहीं दिए, बल्कि उन्होंने सिविक सेंटर के चारों ओर पैदल भ्रमण कर व्यक्तिगत रूप से एक-एक दुकानदार से संवाद किया। उन्होंने दुकानदारों को समझाइश दी और आग्रह किया कि वे अपनी दुकानों के बाहर कचरा न फैलाएं। उन्होंने सभी से अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने और कचरे का सही निपटान करने का आह्वान किया। उनके इस सहज और संवेदी व्यवहार की व्यापारियों ने भी सराहना की और शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने फायर ऑफिस का भी निरीक्षण किया और जानकारी ली। स्वच्छता के इस जमीनी निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ नगर निगम की पूरी टीम मुस्तैद रही, जिसमें मुख्य रूप से अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान एवं अशफाक परवेज कुरैशी उपायुक्तसंभव अयाची स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन सहायक यंत्री अभिनव मिश्रा, देवेंद्र सिंह चौहान, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, इंद्र कुमार तमियां आदि उपस्थित रहे।



# आज से 1 अप्रैल तक नहीं मिलेगा पानी

**जबलपुर।** टाउन हॉल टैंक में कंटेनर लीकेज के सुधार काम के साथ-साथ सप्लाई लाइन 600 एमएम की टी बदलने का काम होना है जिसके चलते आज सायंकालीन से 1 अप्रैल तक दोनों समय जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। हालांकि नगर निगम का दावा है कि प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी। इस संबंध में नगर निगम के अधीक्षण यंत्री और जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि टाउन हॉल टैंक में कंटेनर लीकेज के सुधार कार्य एवं सप्लाई लाइन 600 एमएम की टी बदलने का कार्य किया जाना है। जिसके चलते 30 मार्च 2026 को सायंकालीन से 1 अप्रैल 2026 तक दोनो समय टैंक से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्यो के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जल प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने खेद व्यक्त किया है।

# 1 अप्रैल से बकाया करों की राशि पर लगेगा अधिभार

**लायसेंस नवीनीकरण पर भी व्यापारियों को देना होगा सरचार्ज**

**जबलपुर।** करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा और व्यापारियों को लायसेंस नवीनीकरण कराने अब सिर्फ 2 दिन शेष बचे है। 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से बकाया करों की राशि पर अधिभार लगेगा । लायसेंस नवीनीकरण पर भी व्यापारियों को देना सरचार्ज होगा।

दरअसल नगर निगम द्वारा मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप 31 मार्च तक करदाताओं को बकाया करों की राशि पर छूट का लाभ दिया जा रहा है, इसके लिए अब मात्र 2 दिन शेष रह गये हैं। इसके साथ-साथ लायसेंस नवीनीकरण कराकर सम्मान के साथ व्यापार करने की अवधि भी 2 दिन शेष है। इस संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर के सम्माननीय करदाताओं एवं व्यापारियों से अपील की है कि 31 मार्च तक अपने समस्त बकाया करों की राशि जमा कर अधिभार से बचें। वहीं उन्होंने व्यापारियों से भी अनुरोध किया है कि 31 मार्च के पहले लायसेंस नवीनीकरण कराएँ और सम्मान के साथ व्यापार करें।



मनमानी | चंद दूरी पर स्थित है पुलिस थाना, खाकी को चुनौती दे रहा शराबियों का जमघट , सवाल हो रहे खड़े, देखने के बाद भी क्यों नहीं हो रही कार्रवाई ?

# यात्री जाएं तो कहां जाएं, मेट्रो बस स्टॉप को बना दिया ओपन अहाता, त्रिपुरी चौक स्थित शराब दुकान का मामला

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के फरमान के मुताबिक शहर, जिले के सभी अहाता बंद हो चुके हैं बावजूद राज्य शासन के फरमान और प्रशासन को चुनौती देते हुए इन दिनों शाम ढलते ही ओपन अहाता शहर में देखे जा रहे हैं। न किसी कार्रवाई का डर और न कोई हिचकिचाहट मानो जैसे पुलिस से लेकर प्रशासन के सभी जिम्मेदार अधिकारी सेट हों।

शराबियों और अवैध अहाता संचालकों द्वारा प्रशासन को चुनौती देने वाली तस्वीर त्रिपुरी चौक स्थित शराब दुकान के बाजू में स्थित मेट्रो बस स्टॉप के पास से कैद हुई। जिसमें स्पष्ट नजर आ रहा था कि मेट्रो बस स्टॉप में शराबियों का जमघट लगा हुआ है और दूसरी तरफ ऑटो में बैठने वाले यात्रियों का बड़ा समूह इन शराबियों के पास से गुजरने में कतरा रहा है। हैरानी की बात ये भी है कि त्रिपुरी चौक में जिस जगह शराब दुकान स्थित है उससे चंद कदम की दूरी पर गढ़ा पुलिस थाना और यातायात पुलिस था मौजूद है, दिन, शाम और रात तीनों समय गढ़ा पुलिस थाना में पदस्थ पुलिस कर्मी चाय पीने त्रिपुरी चौक भी आते हैं लेकिन ओपन अहाता और शराबियों की खुली चुनौती को देखकर कार्रवाई करने की बजाय नजरअंदाज कर देते हैं। जिसको लेकर भी सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं कि शराबियों और ओपन हाता संचालित करने वालों पर कार्रवाई पुलिस क्यों नहीं कर रही है।




### यात्रियों को होती है ज्यादा परेशानी

त्रिपुरी चौक स्थित शराब दुकान के बाजू में मेट्रो बस स्टॉप में जमघट लगाकर सबसे ज्यादा मेट्रो बस और ऑटो में यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्योंकि अगर वे इस स्थान पर जाकर खड़े होते हैं और ऑटो या मेट्रो बस का इंतजार करते हैं तो शराब के नशे में चूर लोग बेवजह ही विवाद पर उतारू हो जाते हैं।

### सोशल मीडिया में तस्वीर डालकर कार्रवाई की मांग

जानकारी के अनुसार प्रतिदिन शाम ढलते ही शराब दुकान के बाजू में मेट्रो बस स्टॉप में शराबियों का जमघट लगना शुरू हो जाता है जो कि रात करीब साढे दस बजे तक लगा रहता है। स्थानीय लोगों व कुछ जागरूक लोगों ने त्रिपुरी चौक शराब दुकान के पास की इस समस्या को लेकर सोशल मीडिया साइट्स पर शराबियों के जमघट की फोटो अपलोड कर प्रशसन से मांग की है कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए और जो शराब दुकान के बाजू में अवैध रूप से ओपन अहाता चला रहे हैं उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए।

### इन इलाकों में हो रहे अवैध अहाते संचालित

जानकारी के अनुसार शिवाजी मैदान सदर के सामने स्थित अंग्रेजी शराब दुकान, एलआईसी स्थित शराब दुकान, मदनमहल स्थित शराब दुकान, रानीताल स्थित शराब दुकान सहित अन्य इलाकों में शराब दुकान संचालकों ने कहीं आगे तो कहीं पीछे जगह बनाकर शराबियों को सुविधा देने का जिम्मा लिया है और शाम ढलते ही ये ओपन अहाता में तब्दील हो जाते हैं। लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा कार्रवाई अभी तक किसी प्रकार की नहीं हुई है।

# ऑटो चालक ने की खुदकुशी

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत भट्टा मोहल्ला कंचनपुर में ऑटो चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह रूप सिंह विश्वकर्मा 40 वर्ष निवासी भट्टा मोहल्ला कंचनपुर ने सूचना दी कि उसका लड़का सौरभ विश्वकर्मा आटो चलाने का काम करता था। शनिवार रात लगभग 10-30 बजे घर आया और सामान्य रूप से बातचीत कर खाना खाकर अपने कमरे में जाकर सो गया था सुबह लगभग 8 बजे सौरभ को आवाज देकर उठाने का प्रयास किया अंदर से आवाज नहीं आने पर दरवाजा खटखटाया, सौरभ की आवाज नहीं आने पर उसने डायल 100 को सूचना दी दरवाजा खोलकर देखा उसका लड़का कमरे में पंखे के हुक से रस्सी से फंदा बनाकर फांसी पर मृत अवस्था में लटका था।